# चंद्रा मौर्या अंडरब्रिज में जलभराव से राहत देने सोलर पैनल स्थापित किया जाएगा

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई के चंद्रा मौर्या अंडरब्रिज में जलभराव के निदान हेतु ओपनवेल सबमर्सिबल पम्प एवं जनरेटर संचालित करने हेतु क्रेडा विभाग के माध्यम से सोलर पैनल स्थापित किया जाना है। जिसका स्थल निरीक्षण करने आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय जोन टीम के साथ पहुंचे। अंडरब्रिज में बरसात के समय जल भराव की स्थिति निर्मित होती है और आवागमन बाधित होती है। ऑफ ग्रिड सोलर पावर प्लांट एवं ओपन वेल सबमर्सिबल पम्प स्थापना कार्य लगभग 35 लाख की लागत से स्थापित किया जाना प्रस्तावित है, इसके लगने से नागरिको को आवागमन में बहुत सुविधा मिलेगी और विद्युत व्यय में कमी आएगी। आयुक्त पाण्डेय स्थानीय पार्षद हरिश सिन्हा के साथ सेक्टर 02 अंतर्गत निर्माणाधीन आस्था वृद्वाश्रम का अवलोकन किये और कार्य का जायजा लेते हुए गुणवत्ता युक्त, समयावधि में कार्य कराने हेतु कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल को निर्देशित किये। संत गुरू घासीदास उद्यान, करतार सिंह उद्यान, त्रिमूर्ति उद्यान का निरीक्षण कर उद्यानों में गाजर घास की साफ–सफाई, घास कटाई एवं अन्य व्यवस्था बनाये रखते हुए वृक्षारोपण कराने उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू को निर्देशित किये। समीपस्थ निर्माणाधीन डोम शेड का निरीक्षण कर आवश्यक रखरखाव हेतु उपअभियंता शंकरसुवन मरकाम को निर्देशित किये। निरीक्षण के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे, स्वास्थ्य निरीक्षक चुर्णामणी यादव, श्याम ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

